कृषि लागत और मूल्य आयोग

2010–11 मौसम के लिए पटसन/मेस्ता की मूल्य नीति हेतु प्रश्नावली।

1. कृपया निम्नलिखित सूचना दें :–

(i) आपके राज्य में 2004–05 से 2009–10 मौसम तक पटसन/मेस्ता फसल का क्षेत्र, उत्पादन और उपज तथा 2010–11 मौसम के लिए उत्पादन लक्ष्य।

(ii) पटसन की संपुटी (केप्सूलरीज) एवं ओलीटोरियस संबंधी किस्मों सहित महत्वपूर्ण किस्मों के अंतर्गत क्षेत्र का भाग तथा 2000–2001 से 2009–10 तक उनकी उपज। कच्चे पटसन का आदर्श उपजातीय संमिश्रण क्या होना चाहिए और क्यो ?

2. आपके राज्य में कच्चे पटसन की उपज और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किए जा रहे विभिन्न अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों पर अद्यतन सूचना तथा उनके अभी तक के प्रभाव। इस संदर्भ में, कृपया विशेष पटसन विकास कार्यक्रम को कार्य योजना के अधीन लाने से पहले और उसके बाद में इसकी कार्य प्रणाली पर अद्यतन रिपोर्ट दें।

3. आपके राज्य में उपलब्ध सड़ाने (रेटिंग) की सुविधाएँ बताएँ और रेशे की गुणवत्ता सुधारने के लिए सुझाव दें।

4. (i) प्रभावी तारीखों सहित कृषि श्रम (रू0/श्रम दिवस) के लिए प्रचालन–वार सांविधिक न्यूनतम मजदूरी दरों के ब्यौरें :–

वर्ष

प्रचालन	**2006–07**	**2007–08**	**2008–09**	**2009–10** (संभावित)
जुताई				
बिजाई				
छटाई				
कटाई				
सड़ाना (रेटिंग)				
अन्य				

(ii) राज्य के विभिन्न भागों में पटसन के लिए कृषि श्रम (रू0/श्रम–दिवस) हेतु प्रचालन–वार वास्तविक मजदूरी दरों का ब्यौरा।

वर्ष

क्षेत्र	2006–07	2007–08	2008–09	2009–10 (संभावित)
जुताई				
बिजाई				
छटाई				
कटाई				
सड़ाना (रेटिंग)				

5. (i) विभिन्न आदानों की अपेक्षित मात्रा अर्थात प्रमाणित/स्थानीय बीज, उर्वरक, कीटनाशी इत्यादि और विगत तीन मौसमों में उनकी वास्तविक उपलब्धता तथा आगामी मौसम हेतु लक्ष्य।

(ii) विगत तीन मौसमों के दौरान प्रयुक्त महत्वपूर्ण कीटनाशियों/ कृमिनाशियों (रू0/किलोग्राम) के मूल्य और आगामी मौसम हेतु संभावित मूल्य।

(iii) विगत दो मौसमों के दौरान प्रमाणित और स्थानीय बीजों के मूल्य तथा आगामी मौसम में संभावित दरें। क्या गुणवत्ता बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं ? यदि नहीं, तो जरूरत को पूरा करने के लिए क्या योजनाएँ हैं ?

6.(i) राज्य में पटसन फसल की सिंचाई के प्रमुख स्रोत तथा विगत तीन वर्षों के दौरान कुल सिंचित क्षेत्र में उनका हिस्सा बताएँ।

(ii) इस फसल के लिए सामान्यतः कितनी बार सिंचाई आवश्यक हैं।

(iii) पटसन के लिए प्रति हैक्टेयर मद–वार स्रोत वार सिंचाई लागत।

7. प्रयुक्त विभिन्न आदानों के आधार पर प्रति हैक्टेयर खेती लागत के अनुमान, यदि कोई हों और विगत दो मौसमों के लिए पटसन की प्रति क्विंटल उत्पादन लागत और आगामी फसल मौसम के लिए संभावित प्रति हैक्टेयर/ प्रति क्विंटल लागत।

8.(i) विगत तीन मौसमों के दौरान राज्य में महत्वपूर्ण प्राथमिक और दूसरे बाजारों में पटसन (सफेद और तोसा किस्मों के लिए ग्रेड–वार) और मेस्ता के मांसात थोक मूल्य और मूल्य संचलन का विस्तृत विश्लेषण।

(ii) क्या विगत तीन मौसमों के दौरान किसी अवसर पर कच्चे पटसन/मेस्ता के बाजार मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिरे ? यदि हॉ, तो भारतीय परिषद निगम/ राज्य एजेंसियों द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों सहित स्थान / मूल्य ब्यौरों के साथ, उसके कारण बताएँ।

9.(i) क्या चालू मौसम के दौरान पटसन के लिए मूल्य समर्थन उपलब्ध कराने में भारतीय पटसन निगम का हस्तक्षेप पूर्ण रूप से पर्याप्त था ?

(ii) भारतीय पटसन निगम के प्रयासों को बढ़ाने के लिए पंचायतों और अन्य ग्रामीण स्तरीय संस्थान, समितियों की सक्रिय भागीदारी हेतु राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम।

10.(i) विगत तीन मौसमों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न एजेंसियों के मूल्य समर्थन प्रचालन।

(ii) किसानों द्वारा बेहतर वसूली सुनिश्चित करने के लिए पटसन उत्पादन क्षेत्रों में उत्पादक सहकारी समितियों को सक्रिय करने और विपणन आधारिक संरचना को सुधारने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम।

11.(i) विगत पॉच वर्षों के दौरान कच्चे पटसन और पटसन माल पर केन्द्रीय/राज्य लेवी/करों की प्रचलित दरें।

(ii) कृपया कच्चे पटसन और पटसन उत्पादों पर आयात शुल्क पर आपकी टिप्पणी।

12.(i) 2010–11 मौसम के लिए कच्चे पटसन/मेस्ता के न्यूनतम समर्थन मूल्य स्तर पर राज्य सरकार के विचार।

(ii) क्या राज्य सरकार, कच्चे पटसन के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए ग्रेडों की संख्या और उनके विनिर्देशनों में परिवर्तन चाहती है। यदि हॉ, तो कृपया इसके समर्थन में कारण बताएँ।

(iii) क्या राज्य, पटसन/मेस्ता के विभिन्न स्थान विशिष्ट ग्रेडों के लिए मूल्य विभेदकों में परिवर्तन चाहता हैं। यदि हॉ, तो इसके कारण बताएँ।

(iv) पटसन में फ्यूचर्स व्यापार के बारें में राज्य सरकार की राय।

13. कृपया खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर पटसन/मेस्ता के विपणन हेतु प्रति क्विंटल किसान द्वारा भुगतान किए गए विपणन प्रभारों की सूचना उपलब्ध कराएं।

14 (क) कृपया अपने राज्य में संचालित की जा रही फसल बीमा योजना पर पटसन /मेस्ता उत्पादकों द्वारा वहन किए गए प्रिमियम पर प्रति हैक्टेयर और प्रति क्विंटल खर्चे बताएं।

(ख) क्या ऋणी किसानों के लिए फसल बीमा अनिवार्य है ? क्या गैर–ऋणी किसान भी योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए हैं ?

(ग) क्या फसल बीमा योजना को उन किसानों तक बढाया गया है जो मालिक कृषिक नही है परन्तु खेती प्रयोजन हेतु भूमि पट्टे पर लेते हैं।

(घ) क्या किसानों को प्राकृतिक आपदाओं/पेस्ट हमलों इत्यादि से होने वाले फसल और आय दोनों नुकसानों के विरूद्व अपनी फसलों का बीमा कराने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

(ड) क्या बीमा विस्तार किसान विशिष्ट है, यदि नहीं तो प्रचलित बीमा योजना के अधीन किसानों के उत्पादन नुकसान को शामिल करने में क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ?

(च) क्या बीमा योजना किसानों की समस्त श्रेणीयों को शमिल करती है या किसी विशिष्ट श्रेणी को।

(छ) राज्य में पटसन/मेस्ता किसानों के मध्य में फसल बीमा के फैलाव का स्तर बताएं।

(ज) फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन में, मुद्दे बताएं, यदि कोई हों।

(झ) कृपया पटसन/मेस्ता उत्पादकों के लिए और अधिक किसान हितैषी बनाने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन ए आई एस) को सुधारने के लिए अपनी टिप्पणियां/सुझाव बातएं। पटसन/मेस्ता के संबंध में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के कार्यान्वयन पर टिप्पणियां भी बताएं।

15 (क) खरीद केन्द्रों/मण्डियों/विपणन आहतों इत्यादि तक पटसन/मेस्ता ले जाने के लिए परिवहन की क्या पद्वतियां हैं। इन पद्वतियों के माध्यम से ले जाए गए पटसन/मेस्ता का सापेक्ष अनुपात तथा विभिन्न पद्वतियों से प्रति क्विंटल परिवहन लागत और किसान के खेतों और निकटतम मण्डी/वितरण आहतें/खरीद केन्द्र के बीच आदर्श औसत दूरी बताएं ।

(ख) कृपया निकटतम अधिप्राप्ति केन्द्र/विपणन आहतों/मण्डी इत्यादि तक विपणन हेतु अपने उत्पाद ले जाने के लिए पटसन/मेस्ता उत्पादक किसानों द्वारा उठाये गये प्रति क्विंटल/प्रति किलोमीटर औसत परिवहन लागत बताएं।

16. कृपया प्रौद्योगिकी मिशन के बारे में विस्तृत कार्ययोजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में बताएं। मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों की राज्यवार स्थिति क्या हैं ?

17. कृपया पटसन उद्योग में सीधे विदेशी निवेश पर अपने विचार बताएँ।

18. पटसन अर्थव्यवस्था से संबंधित अन्य कोई मामला जिसे आपका राज्य आयोग के ध्यान में लाना चाहे।

कृषि लागत और मूल्य आयोग
2010–11 मौसम के लिए पटसन/मेस्ता की मूल्य नीति हेतु प्रश्नावली।

1. कृपया चालू मौसम सहित विगत पांच मौसमों के लिए पटसन सलाहकार बोर्ड द्वारा अनुमानित पटसन और मेस्ता के उत्पादन के आधार पर विभिन्न व्यापारियों के पास उपलब्ध कच्चे पटसन के स्टॉक की कीमत, उपलब्धता, खपत और वर्षांत स्टाक को दर्शाते हुए विस्तृत तुलन–पत्र प्रस्तुत करें।

2. राष्ट्रीय कच्चे पटसन के उत्पादन के वर्तमान उपजातिय/ग्रेड संयोजन के बारे में अपना मूल्यांकन प्रस्तुत करें। यदि इसमें पटसन माल के लिए आविर्भावित मांग के आधार पर आपकी राय में आदर्श स्तर से बड़ा अतंर है, तो कृपया कच्चे पटसन के सही रूप में ग्रेड परिवर्तन करने के उपाय बताएं।

3. कृपया घरेलू और अंतराष्ट्रीय बाजार में 2007–08, 2008–09 और 2009–10 में आज की तारीख तक कच्चे पटसन माल की मूल्य स्थिति पर एक विश्लेषणात्मक टिप्पणी प्रस्तुत करें। यह सराहनीय होगा यदि इस विश्लेषण के साथ समीक्षाधीन अवधि के लिए प्राथमिक और दूसरे बाजारों के माह–वार मूल्य आंकड़े भी दिए जाए।

4. कृपया विगत पांच वर्षों के दौरान वे अवसर (माह और बाजार) बताएं जब पटसन के मूल्य न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिरे हों, और उसके कारण भी बताएं।

5. पिछले पांच वर्षों के लिए पटसन माल (पटसन से बने वस्त्र, टाट, सी बी सी और अन्य) का उत्पादन। क्या इस माल की उत्पादन प्रवृत्ति में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है ? यदि हां तो उसके कारण।

6. पिछले तीन मौसमों के दौरान पटसन बी–ट्विल/अन्य प्रकार के पटसन थैलों के लिए सरकारी एजेन्सियों की मांग, माहवार आवंटन और उठान।

7. 2006–07, 2007–08, 2008–09 और 2009–10 के दौरान पटसन और पटसन माल की घरेलू और अंतराष्ट्रीय मांग एवं आपूर्ति का मूल्यांकन । बंगलादेश की तुलना में भारतीय पटसन माल की प्रतिस्पर्द्धात्मकता का आपका मूल्यांकन। इस प्रसंग में, कृपया इन दो देशों में पिछले 5 वर्षों के दौरान प्रचलित लेविज/ करों (उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क, क्रय कर इत्यादि) की दरों पर तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत करें।

8. सिंथेटिक रेशे से बनी सामग्री की तुलना में भारतीय पटसन पैकेजिंग सामग्री के प्रतिस्पर्द्धात्मकता का मूल्यांकन । हाल के वर्षों में उनकी तुलनात्मक लागत और मूल्य।

9. पिछले पांच वर्षों के दौरान पटसन माल के निर्यात निर्देशों सहित विगत पांच वर्षों का पटसन विनिर्माणों का निर्यात निष्पादन (मद वार, मात्रा और कीमत) ।

10. कृपया पिछले दस वर्षों के लिए मात्रा और कीमत के रूप में विविधीकृत पटसन उत्पादों के उत्पादन और निर्यात का मद–वार ब्यौरा दें।

11. बंगलादेश में 2006–07, 2007–08, 2008–09 और 2009–10 के दौरान कच्चे पटसन की स्थिति (अर्थात् उत्पादन, मूल्य और उपयोग) तथा भारतीय कच्चे पटसन/पटसन माल अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव।

12. बंगलादेश से कच्चे पटसन और पटसन विनिर्माण का आयात (मात्रा कीमत) । पिछले पांच वर्षों के ब्यौरे (ग्रेड और उत्पाद के अनुसार कीमत और मात्रा) दें।

13. पटसन और मेस्ता के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के स्तर पर अपने विचार तथा 2010–11 मौसम के लिए ग्रेड विभेदक।

14. कृपया प्रौद्योगिकी मिशन के बारे में विस्तृत कार्ययोजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में बताएं। मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों की राज्यवार स्थिति क्या है ?

15.(।) क्या राष्ट्रीय पटसन नीति (2005) पर कोई कार्य योजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन के राज्य–वार ब्यौरे दें।

(।।) कृपया पटसन में फ्यूचर्स व्यापार पर अपने विचार बताएं।

16. कृपया पटसन उद्योग में सीधे विदेशी निवेश पर अपनी टिप्पणी दें।

17. कृपया खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर पटसन/मेस्ता के विक्रय हेतु किसानों द्वारा अदा किए गए प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत विपणन प्रसार बताएं।

18 (।) पटसन उत्पादकों द्वारा फसल बीमा योजना पर प्रति हैक्टेयर और प्रति क्विंटल वहन किए गए बीमा प्रिमियम के राज्य–वार और अखिल भारत औसत खर्चे बताएं।

(।।) फसल बीमा योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए पटसन/मेस्ता उत्पादकों की राज्य–वार और अखिल भारत स्तर प्रतिशतता बताएं।

(।।।) कृपया पटसन/मेस्ता उत्पादकों के लिए और अधिक किसान हितैषी बनाने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन ए आई एस) को सुधारने के लिए अपनी टिप्पणीयां/सुझाव बताएं। पटसन एवं मेस्ता के संबंध में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के कार्यान्वयन पर टिप्पणियां भी बताएं।

19. खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर विक्रय हेतु लाए गए उनके उत्पाद के लिए किसानों द्वारा अदा की जा रही प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत परिवहन लागत बताएं।

नोट :– यदि आपको लम्बे जवाब देने में कठिनाई महसूस हो तो आप पहले से उपलब्ध सामग्री अनुलग्नकों के रूप में उपलब्ध करा सकते हैं।

कृषि लागत और मूल्य आयोग

2010–11 मौसम के लिए पटसन/मेस्ता की मूल्य नीति हेतु प्रश्नावली।

1. कृपया 2009–10 सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान पटसन और मेस्ता के उत्पादन के अग्रन्यन स्टाक उपलब्धता/आपूर्ति, खपत तथा अन्य लोपों जैसी सभी मदों (भारतीय पटसन निगम, मिलों, व्यापारियों इत्यादि द्वारा) को दर्शाते हुए एक विस्तृत तुलन –पत्र प्रस्तुत करें।

2. राष्ट्रीय कच्चे पटसन के उत्पादन के वर्तमान उपजातीय/ग्रेड संयोजन के बारे में अपना मूल्यांकन प्रस्तुत करें। यदि इसमें पटसन माल के लिए आविर्भावित मांग के आधार पर आपकी राय में आदर्श स्तर से बड़ा अंतर है, तो इसके समर्थन में कारण बताते हुए कृपया कच्चे पटसन की ग्रेड रूपरेखा परिर्वतन करने के सही उपाय बताएं।

3. 2009–10 सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान निगम द्वारा वार्षिक औसत और माह–वार अग्रनयन स्टॉक, खरीद (समर्थन/वाणिज्यिक) तथा बिक्रीयों एवं इकाई मूल्य वसूली के संबंध में कच्चे पटसन की स्थिति।

4. पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय पटसन निगम, सहकारी समितियों तथा अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा मात्रा और कीमत के रूप में पटसन की खरीद।

5. पिछले तीन वर्षों के दौरान मूल्य समर्थन और वाणिज्यिक प्रचालनों में भारतीय पटसन निगम और अन्य एजेंसियों के समक्ष आई वित्तीय या कोई अन्य बाधाएं। इस प्रसंग में, प्रभावी मूल्य समर्थन प्रचालनों के लिए वित्तीय प्रबन्धों की पर्याप्तता पर एक विस्तृत टिप्पणी उपलब्ध कराएं।

6. पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण बाजारों में बाजार मूल्यों पर भारतीय पटसन निगम की खरीद प्रभाव।

7. पिछले पांच वर्षों के दौरान मिलों द्वारा देश के देहाती बाजारों मे कच्चे पटसन की खरीद के प्रभाव और चालू मौसम में अभी तक मिल की कितनी खरीद हुई ।

8. कृपया (।) कच्चे पटसन और पटसन माल पर केन्द्रीय/राज्य लेविज/करों की प्रचलित दर । (।।) कच्चे पटसन और पटसन उत्पादों के आयात शुल्क पर अपनी टिप्पणी/राय दें ।

9. 2006–07, 2007–08, 2008–09 और 2009–10 के दौरान प्राथमिक और दूसरे बाजारों में कच्चे पटसन की मूल्य स्थिति पर एक विश्लेषणात्मक टिप्पणी तथा चालू मौसम के बाकी भाग में इसके आचरण के बारे में संभावनाएं और पिछले पांच मौसमों के दौरान तथा 2009–10 के दौरान समर्थन स्तरों से नीचे मूल्य गिरने के उदाहरण और कच्चे पटसन के मूल्यों को स्थिर करने के लिए निगम द्वारा उठाए गए कदम। भारतीय पटसन निगम के खरीद केन्द्रों/उप–केन्द्रों की पर्याप्तता पर अपने विचारों के साथ डाटा/अन्य वस्तुनिष्ठ सूचना भी भेजें।

10. ग्रेड और स्थान अनुसार 2010–11 मौसम के लिए विभेदकों सहित कच्चे पटसन/मेस्ता के न्यूनतम समर्थन मूल्य के स्तर पर अपने विचार बताएं।

11. क्या पटसन/मेस्ता की वर्तमान ग्रेडिंग पर्याप्त है या ग्रेडिंग में कुछ परिवर्तन आवश्यक है ? टी डी 5 ग्रेड के लिए मूल्यों की सिफारिश करना जारी रखने के लिए आयोग की वांछनीयता, या संदर्भ ग्रेड में परिवर्तन हो, इस पर आपके विचार ।

12. कृपया पटसन में फ्यूचर्स व्यापार पर आपके विचार।

13. क्या राष्ट्रीय पटसन नीति (2005) पर कोई कार्य योजना तैयार की गई है ? यदि हॉ, तो इसके कार्यान्वयन के राज्य–वार ब्यौरे दें।

14. कृपया पटसन उद्योग में सीधे विदेशी निवेश पर अपने विचार बताएं।

15. कृपया खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर पटसन/मेस्ता के विक्रय हेतु किसानों द्वारा अदा किए गए प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत विपणन प्रसार बताएं।

16 (I) पटसन उत्पादकों द्वारा फसल बीमा योजना पर प्रति हैक्टेयर और प्रति क्विंटल वहन किए गए बीमा प्रिमियम के राज्य–वार और अखिल भारत औसत खर्चे बातएं।

(II) फसल बीमा योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए पटसन/मेस्ता उत्पादकों की राज्य–वार और अखिल भारत स्तर प्रतिशतता बताएं।

(III) कृपया पटसन/मेस्ता उत्पादाकों के लिए और अधिक किसान हितैषी बनाने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन ए आई एस) को सुधारने के लिए अपनी टिप्पणीयां/सुझाव बातएं। पटसन एवं संबंध में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के कार्यान्वयन पर टिप्पणियां भी बताएं।

17. खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर विक्रय हेतु लाए गए उनके उत्पाद के लिए किसानों द्वारा अदा की जा रही प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत परिवहन लागत बताएं।

18. पटसन अर्थव्यवस्था से संबंधित कोई अन्य मामला जिसे भारतीय पटसन निगम आयोग के ध्यान में लाना चाहेगा।

नोट :– यदि आपको लम्बे जवाद देने में कठिनाई महसूस हो तो आप पहले से उपलब्ध सामग्री अनुलग्नकों के रूप में उपलब्ध करा सकते हैं।

भारतीय पटसन मिल संघ से अपेक्षित सूचना

कृषि लागत और मूल्य आयोग

2010–11 मौसम के लिए पटसन/मेस्ता की मूल्य नीति हेतु प्रश्नावली।

1. कृपया उद्योग अनुमानों के आधार पर एक तुलन–पत्र पस्तुत करें जिसमे 2009–10 सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान स्टॉक उत्पादन, उपलब्धता, खपत और अन्य लुप्त मात्रा दर्शाए। यदि सभंव हो, तो वर्षात स्टॉक के मालिकाना ब्यौरे भी प्रस्तुत करें।

2. राष्ट्रीय कच्चे पटसन के उत्पादन के वर्तमान उपजातीय/ग्रेड संयोजन के बारे में अपना मूल्यांकन प्रस्तुत करें। यदि पटसन माल के लिए आविर्भावित मांग के आधार पर आपकी राय में आदर्श स्तर से बड़ा अंतर है, तो कृपया कच्चे पटसन के सही रूप में ग्रेड परिर्तन करने के उपाय बताएं।

3. कृपया मूल्य परिवर्तनों के कारणों सहित 2007–08, 2008–09 और 2009–10 के दौरान प्रमुख बाजारों में कच्चे पटसन माल के मूल्यों के आंकड़े प्रस्तुत करें।

4. पिछले पांच वर्षों के दौरान पटसन माल (पटसन वस्त्र, टाट, सी बी सी और अन्य) का उत्पादन तथा इन वस्तुओं में प्रत्येक में प्रयुक्त कच्चा पटसन।

5. कुल मांग और प्रत्येक श्रेणी में सदृशकच्चे पटसन के प्रयोग सहित पटसन माल की विभिन्न श्रेणियों की मांग और मांग का स्वरूप बताएं। पिछले पांच वर्षों में सरकारी आदेशों सहित ऐसी मांग के मुख्य स्रोत भी बताएं।

6. डी जी एस और डी के लिए थैलों और अन्य पटसन माल की आपूर्ति प्रबधों के ब्यौरे पिछले पांच वर्षों के दौरान वास्तविक मासिक आपूर्ति।

7. हाल के वर्षों में पटसन पैकेजिंग अधिनियम, 1987 (पैकिंग पद्धार्थों में अनिवार्य प्रयोग) में किए गए परिवर्तनों/संशोधनों का ब्यौरा दें तथा पटसन माल/कच्चे पटसन की मांग पर उनके प्रभाव बताएं।

8. हाल के वर्षों में भारतीय पटसन उत्पादों के निर्यात की आर्थिक व्यवस्था। बंगलादेश और सिंथैटिक विकल्पों की तुलना में भारतीय पटसन माल की प्रतिस्प्रर्द्वात्मकता का अपना मूल्यांकन। इस प्रसंग में, नीवनतम पांच वर्षो के लागत एवं मूल्यों पर तुलनात्मक आंकड़े भी उपलब्ध कराएं।

9. बंगलादेश से कच्चे पटसन और पटसन विनिर्माणों का आयात। पिछले पांच वर्षों का ब्यौरा (ग्रेड और उत्पाद की कीमत और मात्रा) दें । घरेलू पटसन उद्योग पर ऐसे निर्यात के प्रभाव ।

10. पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रमुख निर्यात बाजारों में विभिन्न पटसन उत्पादों के संदर्भ मूल्य और घरेलू पटसन उत्पादों के उत्पादन, इसके मूल्यों और निर्यात निष्पादन पर इसके प्रभाव।

11 (।।) कच्चे पटसन और पटसन माल पर केन्द्रीय/राज्य लेविज/करों की प्रचलित दरें।

(।।।) कच्चे पटसन और पटसन उत्पादों के आयात शुल्क पर अपनी टिप्पणी/राय दें।

12. कृपया पटसन में फ्यूचर्स व्यापार के संबंध में अपने विचार बताएं।

13. कृपया पटसन उद्योग में सीधे विदेशी निवेश पर अपने विचार बताएं।

14(।) पटसन उद्योग की स्थिति पर आलेख दें या इस विषय पर साहित्य/ग्रंथ विज्ञान उद्धृत करें।

(।।) कृपया पटसन उद्योग के उत्पाद विविधीकरण, आधुनिकीकरण तथा पुनरूद्धार पर अद्यतन टिप्पणी दें।

(।।।) क्या राष्ट्रीय पटसन नीति (2005) पर कोई कार्य योजना तैयार की जा रही है ? यदि हॉ, तो इसके कार्यान्वयन के राज्य–वार ब्यौरे दें।

15. 2008–09 और 2009–10 में पटसन थैलों, टाट और पटसन वस्त्रों की उत्पादन लागत पर विस्तृत घटक वार ब्यौरा अर्थात् कच्चे पटसन की लागत, श्रम, अन्य परिवर्तन लागत, ब्याज, मूल्य ह्रास इत्यादि दें।

16. कृपया प्रौद्योगिकी मिशन के बारे में विस्तृत कार्ययोजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में बताएं। मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों की राज्यवार स्थिति क्या है ?

17. कृपया खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर पटसन/मेस्ता के विक्रय हेतु किसानों द्वारा अदा किए गए प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत विपणन प्रसार बताएं।

18 (।) पटसन उत्पादकों द्वारा फसल बीमा योजना पर प्रति हैक्टेयर और प्रति क्विंटल वहन किए गए बीमा प्रिमियम के राज्य–वार और अखिल भारत औसत खर्चे बातएं।

(।।) फसल बीमा योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए पटसन/मेस्ता उत्पादकों की राज्य–वार और अखिल भारत स्तर प्रतिशतता बताएं।

(।।।) कृपया पटसन/मेस्ता उत्पादाकों के लिए और अधिक किसान हितैषी बनाने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन ए आई एस) को सुधारने के लिए अपनी टिप्पणीयां/सुझाव बातएं। पटसन एवं संबंध में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के कार्यान्वयन पर टिप्पणियां भी बताएं।

19. खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर विक्रय हेतु लाए गए उनके उत्पाद के लिए किसानों द्वारा अदा की जा रही प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत परिवहन लागत बताएं।

20. पटसन अर्थव्यवस्था से संबंधित कोई अन्य विषय, जिसे संघ आयोग के ध्यान में लाना चाहेगा।

नोट :– यदि आपको लम्बे जवाद देने में कठिनाई महसूस हो तो आप पहले से उपलब्ध सामग्री अनुलग्नकों के रूप में उपलब्ध करा सकते हैं।

कृषि लागत और मूल्य आयोग

2010–11 मौसम के लिए पटसन/मेस्ता की मूल्य नीति हेतु प्रश्नावली।

1. (क) कृपया विगत पांच वर्षों के लिए कच्चे पटसन के क्षेत्र, उत्पादन और उपज के राज्य–वार और अखिल भारत के लिए कुल ऑकड़े तथा 2010–11 के लिए लक्ष्य बताएँ और इन पैरामीटरों में अन्तर–वर्ष उतार चढ़ावों को स्पष्ट करते हुए एक विश्लेषणात्मक टिप्पणी प्रस्तुत करें। इस प्रसंग में, कृपया पटसन सलाहकार बोर्ड तथा सरकार के कच्चे पटसन उत्पादन में अंतर के लिए कारण स्पष्ट करें।

(ख) हाल के वर्षो में पटसन उत्पादन की उपजातीय संयोजन दर्शाएं । आपके विचार में कच्चे पटसन का आदर्श उपजातीय संयोजन क्या होना चाहिए और उसके क्या कारण हैं ?

2 (क) कच्चे पटसन की उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए पटसन उत्पादक राज्यों में कार्यान्वित किए जा रहे अनुसंधान और विस्तार कार्याक्रमों और उनके प्रभाव पर अद्यतन टिप्पणी। इस प्रसंग में, विशेष पटसन विकास कार्यक्रम की कार्यप्रणाली का विस्तृत ब्यौरा दें। क्या विभिन्न राज्यों में इसे संबंधित कार्ययोजना के अंतर्गत लाने के बाद, विशेष पटसन विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सुधार हुआ है ?

(,ख) कृपया प्रौद्योगिकी मिशन के बारे में विस्तृत कार्ययोजना और इसके कार्यान्वयन के बारे में बताएं। मिशन के अंतर्गत उपलब्धियों की राज्यवार स्थिति क्या है ?

(ग) क्या राष्ट्रीय पटसन नीति (2005) पर कोई कार्य योजना तैयार की जा रही है ? यदि हॉ, तो इसके कार्यान्यवन के राज्य–वार ब्यौरे दें।

3. कच्चे पटसन की समग्र मांग पर पटसन पैकेजिंग सामग्री (पैकेजिंग पद्धार्थों में अनिवार्य प्रयोग) अधिनियम, 1987 के कम करने के प्रभाव के बारे में आपका मूल्यांकन।

4. कृपया खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर पटसन/मेस्ता के विक्रय हेतु किसानों द्वारा अदा किए गए प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत विपणन प्रसार बताएं।

5 (।) पटसन उत्पादकों द्वारा फसल बीमा योजना पर प्रति हैक्टेयर और प्रति क्विंटल वहन किए गए बीमा प्रिमियम के राज्य–वार और अखिल भारत औसत खर्चे बातएं।

(।।) फसल बीमा योजना के अन्तर्गत शामिल किए गए पटसन/मेस्ता उत्पादकों की राज्य–वार और अखिल भारत स्तर प्रतिशतता बताएं।

(।।।) कृपया पटसन/मेस्ता उत्पादाकों के लिए और अधिक किसान हितैषी बनाने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (एन ए आई एस) को सुधारने के लिए अपनी टिप्पणीयां/सुझाव बातएं। पटसन एवं संबंध में राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के कार्यान्वयन पर टिप्पणियां भी बताएं।

6. खरीद केन्द्र/मण्डी/विपणन आहतों इत्यादि पर विक्रय हेतु लाए गए उनके उत्पाद के लिए किसानों द्वारा अदा की जा रही प्रति क्विंटल राज्य–वार और अखिल भारत औसत परिवहन लागत बताएं।

7. 2010–11 मौसम के लिए कच्चे पटसन/मेस्ता के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के स्तर और इसमें ग्रेड विभेदकों पर राय।